हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई 2025

11 खंड स्तर पर मन्नू प्रथम, प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही...



14 सीईटी परीक्षा : पहले दिन जाने वाले परीक्षार्थी 25 से ही उठा...



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

# दावा : 178 स्वीकृत डॉक्टरों के पदों में से 173 पर नियुक्ति, 186 स्वीकृत में से 188 स्टाफ नर्स

- हरिभूमि पड़ताल : 34 चिकित्सक ऐसे जो चल रहे अपसेंट या पीजी करने गए बाहर, 13 चिकित्सकों की महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास में लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की विधानसभा के साथ-साथ जिला भी है। जाहिर है हरियाणा के अन्य जिलों के मुकाबले यहां के लोगों को उनसे ज्यादा उम्मीद रहेगी। जब से आरती सिंह राव विधायक बनकर स्वास्थ्य मंत्री बनी है, तब से उनके जिला में दौरे कम ही थे। इन दिनों स्वास्थ्य मंत्री जिला में सक्रिय है। एक तरफ जहां चर्चा चली कि उनके ही महकमे स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ की कमी है। जबकि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव दावा कर रही है कि जिला में 178 स्वीकृत पद डॉक्टरों के है। इनमें से 173 पद पर डॉक्टर तैनात है। स्वीकृत पद से महज पांच सीट डॉक्टरों की खाली है। इसी तरह 186 स्वीकृत पद स्टाफ नर्स के है। यह सरप्लस है। मतलब 186 के मुकाबले 188 स्टाफ नर्स जिला में कार्यरत है। इसका आंकड़ा भी स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया। जब हरिभूमि ने इन आंकड़ों की पड़ताल की तो कागजों में जरूर यह बात सही है, पर धरातल पर कई स्वास्थ्य केंद्र ऐसे है जहां पर डॉक्टर या तो गैरहाजिर चल रहे है या फिर पीजी करने की वजह से अवकाश पर चल रहे है। ऐसे जिला में 34 डॉक्टर है। वहीं 13 चिकित्सकों को अस्थाई तौर पर महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास में ड्यूटी लगाई है। जैसे ही वहां स्थाई डॉक्टर नियुक्त होंगे, वापसी डॉक्टरों की मूल जगह ड्यूटी शुरू हो जाएगी।

### क्या कहते है सीएमओ



सीएमओ डा. अशोक कुमार ने बताया कि डॉक्टर व स्टाफ नर्स की कोई कमी जिला में नहीं है। जिस स्टेशन पर एक ही विषय के दो चिकित्सक थे, उनमें से एक को मेडिकल कॉलेज में अस्थाई तौर पर भेजा गया है। जिला में कहीं भी स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं है और ना ही होने दी जाएगी। कुछ डॉक्टर एब्सेंट है तो कुछ पीजी करने के लिए गए हुए है।

### मेडिकल कॉलेज में अस्थाई तौर पर भेजे चिकित्सक

*सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक महेन्द्रगढ़ सिविल अस्पताल को 100 बेड के अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। डॉक्टरों की तैनाती इसी क्षमता को ध्यान में रखते हुए की गई है। हालांकि फिलहाल अस्पताल की नई इमारत का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इसलिए अस्थायी रूप से 50 बेड की सुविधा प्रारंभ की गई है। जैसे ही निर्माण कार्य पूर्ण होगा, 100बेड की पूरी सुविधा आमजन के लिए उपलब्ध करा दी जाएगी। विज्ञप्ति में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई सुविधाओं के साथ अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा, जिससे लोगों को उनके जिले में ही उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक विस्तार देने के उद्देश्य से कोरियावास मेडिकल कॉलेज में भी चिकित्सकीय सेवाओं की शुरुआत की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जब तक वहां स्थायी स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक महेन्द्रगढ़ सिविल अस्पताल से कुछ विशेषज्ञ डॉक्टरों को अस्थायी तौर पर कोरियावास भेजा गया है ताकि वहां मरीजों को सेवा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि वर्तमान में जिले में चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों की तैनाती स्वीकृत पदों के लगभग समान अथवा उससे अधिक की जा चुकी है। कुल 178 स्वीकृत डॉक्टरों के पदों में से 172 पर नियुक्ति हो चुकी है। इसी प्रकार स्टाफ नर्सों के मामले में तो स्थिति और भी बेहतर है। 186 स्वीकृत पदों के मुकाबले जिले में 188 स्टाफ नर्सों की तैनाती की गई है, जो स्वीकृत संख्या से भी अधिक है।*

### यहां तैनात है 188 स्टाफ नर्स

| स्टेशन | स्वीकृत डॉक्टर पद | मौजूद | स्टाफ नर्स स्वीकृत पद | मौजूद |
|---|---|---|---|---|
| जीएच नारनौल | 42 | 45 | 38 | 38 |
| डीडीसी सीएच नारनौल | — | — | 04 | 04 |
| टीबी अस्पताल नारनौल | 01 | 01 | 01 | 01 |
| सीएचसी महेंद्रगढ़ | 42 | 41 | 38 | 39 |
| पीएचसी सतनाली | 07 | 07 | 08 | 08 |
| पीएचसी माधोगढ़ | 02 | 01 | 02 | 02 |
| पीएचसी पाली | 02 | 02 | 02 | 02 |
| सीएचसी नांगल सिरोही | 07 | 08 | 08 | 08 |
| पीएचसी मालड़ाबास | 02 | 02 | 02 | 02 |
| सीएचसी अटेली | 07 | 05 | 08 | 09 |
| पीएचसी बाछौद | 02 | 03 | 02 | 02 |
| पीएचसी सिहमा | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी कांटी | 02 | 02 | 02 | 02 |
| सीएचसी नांगल चौधरी | 07 | 07 | 08 | 08 |
| पीएचसी बुढ़वाल | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी बायल | 02 | 01 | 02 | 02 |
| पीएचसी सिरोही बहाली | 02 | 03 | 02 | 02 |
| पीएचसी आंतरी | 02 | 01 | 02 | 02 |
| पीएचसी बामनवास | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी मंढाणा | 02 | 02 | 02 | 02 |
| सीएचसी कनीना | 11 | 08 | 17 | 17 |
| पीएचसी भोजावास | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी मुंडिया खेड़ा | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी दौंगड़ा अहीर | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी सेहलंग | 07 | 07 | 08 | 08 |
| पीएचसी धनुंदा | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी दौचाना | 07 | 07 | 08 | 08 |
| पीएचसी रामपुरा | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी बलाहा कलां | 02 | 02 | 02 | 02 |
| पीएचसी छिलरो | 02 | 01 | 02 | 02 |
| पीएचसी बिगोपुर | 02 | 01 | 02 | 02 |
| *कुल* | *178* | *173* | *186* | *188* |

## खबर संक्षेप



नारनौल। अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को गांव रसूलपुर व ताजीपुर में लॉजीस्टिक हब रोड पर लगभग पांच एकड भूमि में अवैध कॉलोनी व अवैध दुकानों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान लगभग पांच एकड़ भूमि में छह डीपीसी, छह चारदीवारी तथा 30 अवैध दुकानें/निर्माण के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता हेमन्त यादव, देवेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

### दिव्यांग छात्रों के लिए लगेगा चिकित्सा शिविर

**नारनौल।** समग्र शिक्षा के तहत पूर्व प्राथमिक कक्षा से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग छात्रों व पीएम श्री स्कूलों के छात्रों के लिए 25 से 30 जुलाई तक विभिन्न खंडों के बच्चों का नागरिक अस्पताल में चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### स्कूटी सवार युवक ने महिला की तोड़ी चेन

**नारनौल।** सेक्टर एक में पैदल शिवालय में जा रही महिला की स्कूटी सवार युवक ने सोने की चेन तोड़ ली। पुलिस को दी शिकायत में शहर के सेक्टर एक निवासी पूनम यादव ने बताया कि वह सुबह करीब आठ बजे अपने घर से शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए जा रही थी। उसके एक हाथ में फूलों की टोकरी तथा दूसरी हाथ में जल की डोली थी। उसने पीछे से एक दम अचानक आकर झटके से उसकी दो तोले की सोने की चेन तोड़ ली। युवक हेलमेट लगाए हुए था। चेन तोड़ने के बाद वह वहां से भाग गया। इसके बाद उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग आ गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

### नारनौल के साथ-साथ महेंद्रगढ़ व कनीना बार एसोसिएशन ने भी रखा वर्क सस्पेंड

# वृद्ध अधिवक्ता के लिए बार एकमत, पुलिस की नाकामी पर एसपी के खिलाफ नारेबाजी

- चैंबर में एकत्रित होने के बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर पहुंचे लघु सचिवालय, एसपी पूजा वशिष्ठ का नाम लेकर की नारेबाजी
- आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर बार एसोसिएशन की होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। एसपी के खिलाफ नारेबाजी कर लघुसचिवालय पहुंचे अधिवक्ता व डीडीपीओ को मांग पत्र सौंपते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन के वृद्ध अधिवक्ता के साथ गांव जाते वक्त बीच रास्ते में तीन आरोपितों ने हमला बोल दिया था। इस वारदात को चार माह का समय बीत चुका है। अभी तक पुलिस एक भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

एसोसिएशन कई बार पुलिस ने इस संबंध में मिल चुकी। कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने से नाराज जिला बार एसोसिएशन सदस्य एकत्रित हुए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए वर्क सस्पेंड रखने का निर्णय लिया। उनका साथ महेंद्रगढ़ व कनीना बार एसोसिएशन ने भी साथ दिया। यहां भी कोई भी कार्य नहीं हुआ। वहीं अपनी मांग को लेकर अधिवक्ता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख यादव के नेतृत्व में नारेबाजी कर लघुसचिवालय पहुंचे। वहां काफी देर तक एसपी पूजा वशिष्ठ और पुलिस का नाम लेकर नारेबाजी की। इस दौरान पता चला कि डीसी मीटिंग में व्यस्त है। इस कारण प्रशासन की तरफ से डीआरओ राकेश कुमार को मांग पत्र सौंपा।

### 4 माह पहले यह हुई थी वारदात



शिकायतकर्ता कैप्टन शादीराम सेना से सेवानिवृत है। इस समय वह नारनौल कोट में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहे है। सदर थाना में दी शिकायत में शादीराम ने बताया है कि इस साल 24 अप्रैल को वह कोर्ट का कार्य करने के बाद घर जा रहा था। पहले महावीर चौक पर फल खरीदे, फिर रास्ते में जनरल स्टोर से बच्चों के लिए खाने पीने का सामान खरीदा। इसके बाद जब वह स्कूटी पर सवार होकर शाम करीब सवा चार बजे गांव मंडलाना पार करके मोड से आगे टी प्वाइंट पर पहुंचा तो पीछे से दो बाइक सवार आए। जिनमें एक बाइक पर अकेला और दूसरी बाइक पर दो व्यक्ति सवार थे। एक बाइक पर अकेला चलाने वाले युवक ने स्कूटी को जान बुझकर साइड मारकर गिराने की कोशिश की, परंतु स्कूटी को जैसे तैसे काबू करके रोक कर खड़ी कर ली। इस दौरान दूसरी बाइक आई। बाइक पर पीछे बैठे मोटे तगड़े लड़के ने हाथ में रॉड से सिर पर वार किया। यह वार हेलमेट पर लगा और गर्दन मरोड़ दी। जिस पर हेलमेट गिर गया। फिर उस लड़के ने हेलमेट उठाकर से सिर, बाये हाथ व बाये पैर पर चोट मारी। इस कारण गिर गया और गिरने पर तीनों आरोपितों ने लात घुसे मारे। जेब से 1500 रुपये जबरदस्ती छीनकर ले गए। हेलमेट भी तोड़ दिया। जाते वक्त धमकी दी कि पुलिस में शिकायत की तो इसी रास्ते में जान से खत्म कर देंगे, पता भी नहीं चलने देंगे। हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसी दौरान नारनौल की तरफ से तेजपाल व शक्ति सिंह लाम्बा वासी महरमपुर आ गए। जिन्हें देखकर आरोपित बाइक लेकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह 70 साल का वृद्ध व्यक्ति है। आरोपितों की मारपीट करने से घबरा गया। इसके बाद तेजपाल व शक्ति सिंह ने परिजनों को सूचना दी। बेटा मौके पर आया और सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। एमएलआर में चिकित्सकों ने सात चोट दर्शाई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,126,3(5),351(3) के तहत केस दर्ज किया था।

### प्रधान बोले...गिरफ्तारी नहीं होने पर तैयार करेंगे आगामी रणनीति

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि चार माह में एक भी गिरफ्तारी नहीं होना, पुलिस की नाकामी है। कई बार पुलिस से सहयोग मांगा। बात नहीं बनी तो मजबूरन पुलिस महकमा के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ा है। नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड भी रखा है। अगर अब भी पुलिस तीनों आरोपितों को गिरफ्तार नहीं करती है तो अधिवक्ता परिवार एकमत राय करके पुलिस के खिलाफ आगामी रणनीति बनाएंगे। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान करण सिंह एडवोकेट, नरेंद्र एडवोकेट गुवानी, ओमप्रकाश यादव मांदी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।



नारनौल। नप परिसर में धरना देते पालिका कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को पूरा कराने के लिए नप कर्मचारियों का धरना आयोजित

**नारनौल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ की नारनारैल इकाई ने अपनी मांगों को लेकर नप परिसर में घरने का आयोजन किया गया। जिला प्रधान राहुल सारवान ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन से कई बार पत्र के माध्यम से अपनी मांगों के बारे में अवगत कराया तथा कई बार स्वयं मौखिक रूप से नगर परिषद नारनौल के प्रशासन के संज्ञान में लाया गया। गत 3 नवबंर 2017 से बकाया ऐरियर के बारे कर्मचारी यूनियन ने लेटर के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन प्रशासन ने कर्मचारियों की एक न सुनी। इसलिए कर्मचारी में नाराज हैं और उनमें रोष व्याप्त है। इस कारण कर्मचारियों ने नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले 22 जुलाई से प्रातः 10:00 बजे से धरना देने का निर्णय लिया, लेकिन धरना चलते हुए प्रशासन ने कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि हरियाणा में सभी नगर पालिकाओं में एरियर दिया जा चुका है, लेकिन नारनौल नगर प्रशासन कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। न ही कोई अन्य मांगों पर विचार किया जा रहा। कर्मचारियों का तीन साल के ड्रेस व जूते बकाया हैं। पांच दिन की सेलरी बकाया है, जबकि कर्मचारियों ने रविवार के दिन भी काम किया था, उसकी सेलरी भी दिलवाई जाए। कच्चे कर्मचारियों की आईडी कार्ड बनाया जाए। कच्चे कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बनवाया जाए। पक्के कर्मचारियों की एसीपी लगाई जाए। प्रमोट हुए दरोगा की सेलरी पर मुनाफा दिया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इन सभी मांगों पर अगर नगर प्रशासन ध्यान नहीं देता है, कर्मचारियों से बैठकर बातचीत नहीं करता है तो कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल भी कर सकते हैं। इसके बाद भी अगर समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी बड़ा आंदोलन व काम छोड़ हड़ताल भी कर सकते हैं। जिसका जिम्मेदार नगर प्रशासन होगा।

## स्वास्थ्य मंत्री के समर्थक बने निर्विरोध पैक्स के चेयरमैन व उप-चेयरमैन

**नारनौल।** नारनौल पैक्स का चुनाव पीठासीन अधिकारी अरुण कुमार और विकास अधिकारी जगत सिंह सहकारी बैंक, प्रबंधक देवेंद्र कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ, जिसमें संजय भाटोटियां पुत्र रामशरण नेताजी पटीकरा को प्रधान तथा राकेश पुत्र परमेश्वर दयाल सेका को उपप्रधान चुना गया। नारनौल पैक्स में 23 गांव व नारनौल शहर आते हैं। इसमें 5910 वोट, सात सेल प्वाइंट और चार गोदाम भी इसके अंतर्गत आते हैं। दोनों चुने हुए प्रत्याशियों ने इसका श्रेय स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को दिया और कहा कि हम इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे नारनौल पैक्स में किसानों की भलाई के लिए कार्य करेंगे। किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने देंगे। उनके साथ बाबूलाल प्रधान पटीकरा, मनीष मित्तल, छोटेलाल चेयरमैन, भोलू पटीकरा, विनोद चौधरी, रामकुमार जोरासी, पूर्व सरपंच सुभाष उर्फ भासु, परविन्द्र खालड़ा, मनोज सेकवाल व दिनेश जेलदार आदि मौजूद रहे।



नारनौल। चुने गए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए।

**जानकारी** पूर्व सिंचाई मंत्री की सड़क तथा राजमार्ग सचिव से मुलाकात

# नारनौल के अधूरे बाइपास का शीघ्र शुरू होगा सर्वे, अब राष्ट्रीय राजमार्ग 11 एवं 152 डी को लॉजिस्टिक हब से जोड़ने की योजना पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल के पास बशीरपुर, घाटासेर और तलौट गांव की भूमि में बनने वाला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब अब नारनौल के अधूरे बाईपास को पूरा करने जा रहा है। पूर्व सिंचाई मंत्री डाक्टर अभय सिंह यादव ने कहा कि अब हाईकोर्ट के जमीन संबंधी निर्णय के उपरांत लाजिस्टिक हब के विकास की लगभग सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। आंतरिक रेलवे लाइन के निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। इसके अतिरिक्त अगले कुछ महीनों में पूरे लॉजिस्टिक हब के विकास के लिए भी टेंडर होने जा रहा है, जिसके उपरांत इसके समग्र विकास की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नारनौल के अधूरे बाईपास को पूरा करने का प्रयास वह पिछले कुछ वर्षों से कर रहे हैं, परंतु उपयोगिता की क्षमता कम होने के कारण इसकी स्वीकृति में देरी हो रही थी, परंतु लॉजिस्टिक हब के विकास के साथ ही इस बाईपास का निर्माण भी आवश्यक हो गया है। इसी बाईपास को आगे बढ़ाकर लॉजिस्टिक हब का संपर्क सीधे समस्त हरियाणा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 152डी से हो जाएगा तथा साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 11 से भी जुड़ जाएगा। ऐसे में बाईपास के बचे हुए निर्माण के उपरांत लॉजिस्टिक हब सीधे रूप से शहर से गुज़रने वाले सभी राजमार्गों से जुड़ जाएगा।



मंगलवार प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व सिंचाई मंत्री ने बताया कि शनिवार दोपहर दिल्ली में उनकी सड़क यातायात एवं राजमार्ग विभाग के सचिव से ट्रांस्पोर्ट भवन, दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में इस विषय में विस्तार से चर्चा हुई। इस बाईपास के निर्माण के लिए विभिन्न मापदण्डों अनुसार इसकी प्रारंभिक सर्वे अगले कुछ दिनों में करवा ली जाएगी। तदोपरांत इसकी स्वीकृति के बारे कार्रवाई आगे बढ़ायी जाएगी।

### अंडरपास के पास पानी भरने के मामले में भी हुई चर्चा

इसके साथ ही वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ गांवों में अंडरपास के पास पानी भरने के मामले पर भी चर्चा हुई। अधिकारिक आश्वासन के अनुसार बूढवाल, गोद बलाह एवं नांगल नूनियां की यह समस्या अगले कुछ महीने में सुधार दी जाएगी। बाईपास का निर्माण लॉजिस्टिक हब तक होने उपरांत यह नारनौल शहर के बाहरी रिंग रोड का काम भी करेगा। शहर के चारों तरफ़ संपूर्ण गोलाकार राजमार्ग के निर्माण ऊपरांत शहर के चहुंमुखी विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। लॉजिस्टिक हब के विकास के साथ साथ ढोसी का पर्यटन केंद्र भी विकसित होगा।



## संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

### हॉलीवुड मसाला





## अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



## वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



## स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



## 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

### टीवी मसाला



## सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं।



अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



## बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं। इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।


## सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर





बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### दौंगड़ा जाट गांव में भंडारे का आयोजन

**नारनौल।** पूर्वजों की स्मृति में धर्मार्थ करना पुण्य व राष्ट्र निर्माण का कार्य है। हमें श्रद्धानुसार ऐसे पुण्य कार्य करते रहना चाहिए। उक्त विचार प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने दौंगड़ा जाट गांव में सतीश शर्मा डीलर की ओर से अपने पिता ब्रह्मदत्त की स्मृति में निर्मित हाल का अनावरण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने बहुउद्देश्यीय शानदार हाल बनाने के लिए सतीश शर्मा के परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे समाज में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### मानसी ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**सतनाली मंडी।** कस्बे की मानसी पुत्री नरेश मित्तल ने इतिहास विषय में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मानसी ने ईडब्ल्यूएस जनरल कैटेगरी में इतिहास विषय में 96.06 परसेंटाइल प्राप्त कर परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व परिजनों के मार्गदर्शन को दिया। परीक्षा में उत्तीर्ण करने पर कस्बे के अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### राजकीय कॉलेज में यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश का सुनहरा अवसर

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक (यूजी) प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिन विद्यार्थियों ने पहले ही आनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अब तक किसी कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे 24 जुलाई को प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज प्राचार्य (प्रो.) डॉ. पूर्ण प्रभा ने बताया कि विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर उसी दिन प्रवेश दिया जाएगा।

---

### ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सहित तीन इंस्पेक्टर रख रहे मेले पर नजर

# शिवरात्रि पर्व आज : बागोत कांवड़ मेले में 208 पुलिसकर्मी संभाल रहे सुरक्षा

**खास बातें**

- 40 सीसीटीवी के साथ डीएसपी, एसडीएम व नायब तहसीलदार कर रहे निरीक्षण
- डीसी ने आदेश जारी कर कनीना से गुजरने वाले भारी वाहनों पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

गांव बागोत स्थित बाघेश्वर धाम में सावन माह की त्रयोदशी बुधवार के दिन आयोजित होने वाले विशाल कांवड़ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 208 पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है। चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी दिनेश कुमार ने बताया कि मेले के दृष्टिगत तीन इंस्पेक्टर व सात नाके लगाए गए हैं। वहीं विभिन्न प्वाइंटों पर करीब 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ड्यूटी मैजिस्टेट तहसीलदार पायल यादव के अलावा स्वयं डीएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम डॉ. जितेंद्र अहावत व नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल भी मेले का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेले में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा।



कनीना। कांवड मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देते डीएसपी दिनेश कुमार।

**कांवड़ चढ़ाने का सिलसिला जारी**

ईधर बाघेश्वर धाम के महंत रोशनपुरी ने बताया कि कांवड़ चढ़ाने का सिलसिला रविवार से शुरू हुआ था, जो मंगलवार को भी जारी रहा। हजारों की संख्या में शिवभक्तों की ओर से गोमुख, ऋषिकेश व हरिद्वार से लाई गई कांवड़ अर्पित की जा चुकी हैं।

**आपात सुविधाओं को हर समय रखा जा रहा तैयार**

जिला प्रशासन की ओर से मेले के दृष्टिगत बेरिकेटिंग के साथ साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, गोताखोर व स्वास्थ्य विभाग की टीमों को हर समय तैयार रहने को कहा गया है। जलाशय में स्नान करते समय श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। स्नान घाट पर पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कांवड़ मेले को लेकर जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कनीना शहर सहित विभिन्न सड़क मार्गों पर सुबह पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाया है। ये आदेश 23 जुलाई तक लागू रहेंगे।

**फतेहपुर शिवधाम शिव मंदिर में कुश्ती दंगल आज**

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव फतेहपुर शिवधाम मंदिर में 23 जुलाई को शिवरात्रि के मौके पर कुश्ती दंगल होगा। मेले में 51 रुपये से 11 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएगी। जानकारी देते हुए मेला प्रबंधक कमेटी के प्रधान रामप्रताप ने बताया कि मेला दंगल में 51 रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएंगी। आज रात्रि 12 बजे से कांवड़ चढ़ना शुरू हो गई है। यह मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन रहेगा।

---

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में सहयोग करें युवा: महेश जोशी

- सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी




नांगल चौधरी। क्वीज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते महेश जोशी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता, रोड रूल, लाइफ टूल का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए खंड संयोजक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव महेश जोशी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता बीजेपी के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप कार्यक्रम के जिला संयोजक टेकचंद यादव मौजूद रहे। रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव महेश जोशी ने कहा कि देश के लिए नागरिकों का जीवन बहुत महत्वपूर्ण है, इसे सड़कों पर नहीं खोने दिया जाना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की यह पहल सार्थक परिणाम देगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा की जानकारी प्रदान करने का एक माध्यम है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज को बहुत कुछ प्रदान करती हैं। खंड संयोजक डॉ. संजय शर्मा व जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि अब समय सड़कों को रक्तरंजित होने से बचाने का है, प्राधिकरण का सामूहिक प्रयास इसे सफल बनाएगा।

## जैनपुर की सरिता कुमारी ने यूजीसी नेट किया क्वालीफाई



**नांगल चौधरी।** जैनपुर की सरिता पुत्री नंदलाल ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। ग्रामीणों ने मेधावी छात्रा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया है। गुरुकुलम स्कूल के चेयरमैन अभय सिंह ने बताया कि सरिता कुमारी ने 12वीं कक्षा तक सरकारी स्कूल में पढ़ाई पूरी की है। इसके बाद उन्होंने नारनौल पीजी कॉलेज से हिंदी विषय में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। बीते महीने पहली बार एनटीए द्वारा आयोजित नेट की परीक्षा में सम्मलित हुई तथा 93 परसेंटाइल हासिल करके क्वालीफाई किया है। मेधावी छात्रा ने सफलता का श्रेय परिजनों व गुरुजनों को दिया है, कहा कि इससे बेटियों को परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी।

---

# प्रतियोगिता में मन्नू ने प्रथम व प्रियांशी ने पाया तीसरा स्थान

- मॉडल स्कूल कनीना में खंड स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कनीना में खंड स्तरीय रोड सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, प्रतियोगिता, क्विज और लेखन जैसी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों में छात्रों ने रचनात्मकता और जागरूकता का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों, यातायात चिन्हों का महत्व, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया। इस प्रतियोगिता में बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास की होनहार छात्रा मन्नू पुत्री कृष्ण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रियांशी पुत्री श्री भीम सिंह ने अपने उत्कृष्ट प्रयास से तृतीय स्थान हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। अब दोनों छात्राएं खंड स्तर पर विजयी होकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी और वहां अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगी।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

- यदुवंशी स्कूल में सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि यदुवंशी स्कूल के वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव रहे। रेडक्रॉस सोसायटी के उपमण्डल को-आर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली व दीपक शर्मा निर्णायक मंडल के अध्यक्ष रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा क्विज, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें जिले के राजकीय व अराजकीय विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना और उनमें जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना का विकास करना था। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बच्चों ने बेहद प्रभावशाली और शिक्षाप्रद नारों के माध्यम से जनमानस को संदेश देने का प्रयास किया। विजेता विद्यार्थियों में कक्षा तीन से पांचवी में यदुवंशी से चहक स्कूल, निपुण द्वितीय स्थान, नव्या तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठी से आठवीं में यदुवंशी स्कूल से दिव्यांशी प्रथम, गुंजन द्वितीय, मोहिता यादव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौवीं से 12वीं में प्रथम अन्नु राजकीय विद्यालय, राजावास, द्वितीय स्थान जयश्री राजकीय विद्यालय, कोथल कलां, तृतीय स्थान पर पूजा यदुवंशी स्कूल ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने ट्रेफिक सिग्नल, हेलमेट का महत्व, सीट बेल्ट का प्रयोग जैसी जानकारी पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी कक्षा तीन से पांच ग्रुप में भाविका आरपीएस प्रथम, अंकित, जयेश आरपीएस द्वितीय, दिया, मानसी यदुवंशी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं ग्रुप में गीत आरपीएस प्रथम, आरव आरपीएस द्वितीय, छवि आरपीएस, हर्षित, हिमांशुपाल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

*सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सुंदर चित्र प्रस्तुत किए*

*कक्षा नौवीं से 12वीं ग्रुप में अर्पित आरपीएस प्रथम, सुदर्शाना आरपीएस द्वितीय, अंशीका आरपीएस, भावना यदुवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपने रंगों और कल्पनाओं से सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। इन रचनाओं ने सभी उपस्थितजन को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। विजेता विद्यार्थियों में कक्षा तीन से पांचवी ग्रुप में काव्या आरपीएस प्रथम, नैना राव यदुवंशी, महेंद्रगढ़ द्वितीय तृषा यदुवंशी स्कूल से तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठी से आठ ग्रुप में लतिका आरपीएस प्रथम, पियूष यदुवंशी द्वितीय, हिमांशी आरपीएस तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौवीं से 12वीं ग्रुप में विनू यदुवंशी प्रथम, आरव आरपीस द्वितीय, जतिन आरपीएस तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा आज का कार्यक्रम यह दर्शाता है कि नई पीढ़ी यदि जागरूक हो जाए तो सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।*

---

# एक व्यक्ति एक पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। गोशाला के परिसर में पौधरोपण करते संस्थापक वैद्य सुभाषचंद शर्मा।

बाबा मुकुंददास गोशाला के संस्थापक वैद्य सुभाषचंद शर्मा ने एक व्यक्ति एक पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को पौधों की उपयोगिता से अवगत कराया तथा हरियाली से आत्मिक लगाव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण करके नियमित रूप से सिंचाई तथा देखरेख करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पौधे ही प्रकृति का श्रृंगार होते हैं, जिनसे जीव जंतुओं को आहार मिलने के साथ आमजन की दैनिक जरूरतें पूरी होती हैं। एक पौधा पेड़ बनने के बाद हर साल लगभग 17 लाख की ऑक्सजन पर्यावरण को देता है। सैकड़ों पक्षियों को आश्रय देने के साथ उन्हें भोजन मुहैया करवाता है। मामूली जरूरतों को पूरा करने के लिए हरे पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई कर रहे हैं। बचाव के लिए युवाओं को गांव वाइज जगरूकता अभियान चलाना पड़ेगा साथ एक व्यक्ति को हर साल एक पौधारोपण करने का संदेश देना होगा। उन्होंने कदंब, पीपल, बड़ के पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान गोशाला कमेटी के प्रधान कुलदीप जेलदार, दाताराम नंबरदार, नपा के बीआई रूपेश यादव, अंजनी शास्त्री, प्रमोद वत्स ने पौधारोपण करके देखरेख करने का संकल्प लिया।



महेंद्रगढ़। जागरूकता का संदेश देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि सीईओ कर्मवीर राव व अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय ध्वज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने वाले आकर्षक पोस्टर बनाए। उन्होंने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठी से अंश प्रथम, दीक्षा ने द्वितीय व राखी, पल्लवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से शिवानी ने प्रथम, प्राची ने दूसरा व पारस व अभिनव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा आठवीं से दीपांशी ने प्रथम, महक व वंशिका ने दूसरा व स्नेहा व वंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौंवी से वंशिका व नेविका ने प्रथम, हिमांशी व एकता ने दूसरा व गरिमा व शिक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना है।

---

# यदुवंशी सतनाली में जिला स्तरीय एनसीसी कैंप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी




सतनाली मंडी। एनसीसी कैंप में कैडेट्स को संबोधित करते प्रशिक्षक।

16 हरियाणा बटालियन एनसीसीए नारनौल के तत्वावधान में यदुवंशी शिक्षा निकेतननन में जारी जिला स्तरीय एनसीसी कैंप में कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियां करवाई गई। स्कूल में एक माह तक चलने वाले इस जिला स्तरीय शिविर का 17 जुलाई को शुभारंभ किया गया था। शिविर में कैडेट्स ने अनुशासन और उत्साह के साथ शूटिंग, ड्रिल और अन्य शारीरिक प्रशिक्षणों में भाग लिया। कर्नल संदीप कुमार ने कैडेट्स का प्रशिक्षण शुरू किया। शूटिंग अभ्यास कैडेट्स के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रशिक्षकों की देखरेख में कैडेट्स ने लक्ष्य साधने की कला को बारीकी से सीखा और अभ्यास किया। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और टीम वर्क पर आधारित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। आपदा प्रबंधन सम्बंधित मॉक ड्रिल्स का भी आयोजन कैडेट्स द्वारा किया गया। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें कैडेट्स ने देशभक्ति गीतों व हरियाणवी गीतों पर नृत्य, नाटकों, गायन और कविता पाठ जैसी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कैडेट्स के उत्साह व प्रतिभा की सराहना की।

---

### शहबाजपुर व बिहाली विद्यालय में बालिका मंच समारोह आयोजित

# बालिकाएं शिक्षा से समाज में बन सकती हैं बदलाव की वाहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर व बिहाली में मंगलवार को बालिकाओं की प्रतिभा व सशक्तिकरण को समर्पित बालिका मंच समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा व गणेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। शहबाजपुर में बालिका मंच के माध्यम से छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, कविता पाठ व नाट्य मंचन के ज़रिए समाज में बालिकाओं की भूमिका और अधिकारों पर संदेश दिया।



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करती सुमन राणा। फोटो : हरिभूमि

मुख्य अतिथि सुमन राणा ने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाएं शिक्षा, आत्मविश्वास व अवसर के माध्यम से समाज में बदलाव की वाहक बन सकती हैं। स्कूलों में ऐसे मंच उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करते हैं। वहीं गणेश कुमार ने बाल अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। राजनीति विज्ञान की प्रवक्ता मीनाक्षी यादव ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बालिकाओं के कार्यक्रम मंच का गठन किया गया है जो मन की बात नामक कार्यक्रम को नेतृत्व प्रदान करता है। यह कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए है जिसमें भी अपने और अपने आसपास होने वाली घटनाओं तथा छात्रों के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हैं बालिका मंच का उद्देश्य स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को उन्हें नामांकन तथा स्कूल छोड़ने को तैयार बालिकाओं के स्कूल ने छोड़ने व आत्मसम्मान की भावना को जागृत करना है। यह कार्यक्रम कला एवं विज्ञान संकाय तथा राष्ट्रीय बालिका मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को मंच देने के साथ साथ उनमें नेतृत्व क्षमता और आत्मबल का विकास करना है।

अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया व कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। शहबाजपुर व बिहाली में सरपंचों की अध्यक्षता में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण कमेटी का गठन किया गया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा, शहबाजपुर सरपंच विक्रम सिंह, बाल कल्याण समिति की सदस्य कुमुदिनी श्रीवास्तव आदि रहे।



## लिंगानुपात में सुधार को लेकर बैठक आयोजित

**नारनौल।** लिंगानुपात सुधार व गर्भवती पंजीकरण को लेकर गांव भांखरी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजली सैनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गांव भांखरी की सभी आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, एएनएम, सरपंच शारदा देवी, बलबीर नंबरदार, सपना पंच, बिमला पंच, पूनम पंच, पिंकी पंच व समाजसेवियों के अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, 10 सप्ताह से पहले गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करवाना व सहेली प्रोग्राम के विषय व एनीमिया के विषय विस्तार पूर्वक बताना था। डॉ. सैनी ने लड़के और लड़की में भेदभाव को दूर करने तथा पीएनडीटी कानून के बारे में जानकारी दी। गर्भवती महिलाओं को 10 सप्ताह के अंदर अंदर अपना पंजीकरण उप स्वास्थ्य केंद्र पर करवाने का अनुरोध किया। डॉ. सैनी ने बताया कि सरकारी अस्पताल दोचाना में 24 घंटे स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित रहता है व डिलिवरी करवाई जाती है। बैठक सीएचसी दोचाना में मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर दोचाना की सरपंच शारदा देवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस मुहिम में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। खंड आशा समन्वयक प्रवीण शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि आज लड़के व लड़की में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं है।

**सूचना**

मै, जयसिंह पुत्र श्री राम निवासी डिगरोता तह. सतनाली महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लड़का संदीप व पुत्रवधू मंजू दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अगर भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै शेरसिंह पुत्र औमप्रकाश वासी मौहल्ला कोलियान नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे बेटे की सर्टिफिकेट में गलती से उसका नाम कृष्ण व मेरी पत्नी का नाम प्रेम लिखा गया जबकि मेरे बेटे का सही नाम कृष्ण कुमार व पत्नी का सही नाम प्रेम देवी है। नियमानुसार सही करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मै जग राम पुत्र हजारी लाल पुत्र गणेशा गांव सिहमा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लडका राज. कुमार व पुत्रवधु रीना व उनकी संतान संगम व कुनाल मेरा कोई कहना नहीं मानते है और आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### कांवड़ यात्रियों के लिए ताजपुर धर्मशाला में शिविर

**मंडी अटेली।** सावन माह में सभी शिव भक्तों के लिए कांवड़ियों को ठहरने का स्थान नजदीक पुलिस स्टेशन ताजपुर धर्मशाला में ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की गई है। वार्ड तीन के पार्षद प्रतिनिधि बिरेंद्र प्रजापति ने बताया कि धर्मशाला में शुद्ध देसी घी का खाना, फल फ्रूट, लाइट, साउंड, गद्दे कूलर,कावड़ झूलने के स्टैंड व विश्राम के लिए विशेष प्रबंध है।

### उपनागरिक अस्पताल में नहीं कोई परेशानी

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में माहभर पूर्व एफआरयू के अंतर्गत शुरू की गई चिकित्सा सुविधा को लेकर भले ही महिला चिकित्सा विशेषज्ञ को कोरियावास मेडिकल कॉलेज भेज दिया है, लेकिन ऑन काल चिकित्सा विशेषज्ञों की सेवाएं अनवरत मिलती रहेगी। इस बारे में उप नागरिक अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेन वर्मा ने बताया कि सीएमओ के आदेश पर चिकित्सक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### सीआईए ने अवैध हथियार के साथ आरोपित पकड़ा

**नारनौल।** सीआईए ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित जोगेंद्र वासी रामबास को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### सीईटी परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त से की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# सीईटी परीक्षाः पहले दिन जाने वाले परीक्षार्थी 25 से ही उठा सकेंगे मुफ्त बस सेवा का लाभ

- परीक्षार्थियों के लिए महोत्सव की तरह होगी सीईटी परीक्षा
- अभिभावकों की तरह कार्य करेंगे सभी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर राज्य के सभी उपायुक्त व संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिले की तरफ से उपायुक्त डॉ. विवेक भारती में इस संबंध में की गई तैयारी की जानकारी दी। इसके बाद उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों की बैठक ली तथा निर्देश दिए कि इस परीक्षा को देने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों तथा यहां से दूसरे जिले में जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए यह महोत्सव की तरह होना चाहिए। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी इन बच्चों के अभिभावकों की तरह कार्य करें। डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ से 70072 परीक्षार्थी चरखी दादरी तथा रेवाड़ी के लिए परीक्षा देने के लिए जाएंगे। इसी प्रकार भिवानी तथा चरखी दादरी से इस जिला में 80148 परीक्षार्थी सीईटी परीक्षा देने के लिए आएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त व्यवस्था की गई है।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

#### अलग सेंटर आया है तो प्रशासन को सूचित करें

जिला महेंद्रगढ़ के जिन परीक्षार्थियों का केंद्र रेवाड़ी व चरखी दादरी से अलग आया है, वो परीक्षार्थी 23 जुलाई तक जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ को सूचित करें। ऐसे परीक्षार्थियों के लिए भी जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था की जाएगी। ऐसे परीक्षार्थी लिखित में जिला प्रशासन को अपनी शिकायत दें। जिला प्रशासन ने 23 जुलाई शाम तक यह सूचना मांगी है।

#### नोडल प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त

जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से सामान्य प्रात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रुप-सी की लिखित परीक्षाएं राज्य के हर जिले में 26 व 27 जुलाई को (प्रातः 10 से 11:45 तथा सायं 03:15 से पांच) बजे करवाई जाएगी। जिले में स्थापित प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र नोडल प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी केन्द्र नोडल प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा केन्द्रों पर लगे बायोमैट्रिक डिवाईस, जैमर उपकरण सही तरीके से कार्य कर रहे या नहीं चेक कर लें।

#### लघु सचिवालय में स्थापित किया कंट्रोल रूम

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि ग्रुप-सी सीईटी परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी तथा सहायता के लिए नागरिक 01282-256960 पर डायल कर सकते हैं। यहां पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

#### धारा 163 के आदेश जारी

जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला की ओर से 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 26 व 27 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11:45 बजे तथा दोपहर 3:15 बजे से सायं पांच बजे तक सीईटी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का हथियार ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सक्षम प्राधिकारी की ओर से विधिवत हस्ताक्षरित पहचान पत्र के बिना किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी फोटोकॉपी मशीनें, मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाई-फाई और अन्य पर्सनल हॉटस्पॉट परीक्षा केंद्रों के अंदर व आसपास सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित नहीं किए जा सकते। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में लोगों के गैरकानूनी जमावड़े पर प्रतिबंध रहेगा। ये आदेश पुलिसकर्मियों व ड्यूटी पर तैनात अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होंगे। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और कानून के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला की ओर से 26 व 27 जुलाई को होने वाली ग्रुप-सी सीईटी परीक्षा के सफल संचालन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सात ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। नारनौल में स्थित परीक्षा केंद्रों के लिए जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू, डीटीपी गुंजन वर्मा, एचएसआईआईडीसी मैनेजर ज्ञानवीर पूनिया, पंचायती राज विभाग से कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार व नगर परिषद से ईओ दीपक गोयल को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ में स्थित परीक्षा केंद्रों के लिए दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम सिहमा से एसडीओ अमित सोनी, एचवीपीएनएल महेंद्रगढ़ से एसएसई प्रमोद कुमार, पब्लिक हेल्थ डिवीजन नंबर दो नारनौल से कार्यकारी अभियंता जितेंद्र हुड्डा, बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक नारनौल से प्रिंसिपल अनिल यादव, डीडीएएच कनीना से एसडीओ बलजीत सिंह, काडा से कार्यकारी अभियंता सोनित राठी तथा नांगल चौधरी से आरएफओ रजनीश कुमार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

#### परीक्षार्थियों के लिए सरकार की पहलः सीईटी ट्रैवल ऐप लॉन्च

हरियाणा सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने सीईटी की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सीईटी ट्रैवल नामक एक अत्याधुनिक मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से वे अपनी परीक्षा यात्रा के लिए अग्रिम रूप से अपना स्लॉट बुक कर सकेंगे। यह पहल न केवल अभ्यर्थियों की यात्रा को सुगम बनाएगी, बल्कि उन्हें तनाव-मुक्त और सुरक्षित परीक्षा अनुभव प्रदान करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित होगी। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों अभ्यर्थियों को यात्रा संबंधी चुनौतियों का सामना न करना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुए ही ये ऐप की अवधारणा को साकार किया गया है। डॉ. भारती ने आगे कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा बुकिंग ऐप नहीं, बल्कि अभ्यर्थियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करने वाला एक व्यापक समाधान है। निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करके सरकार ने अभ्यर्थियों के वित्तीय बोझ को कम करने का प्रयास किया है, ताकि वे अपनी पूरी एकाग्रता परीक्षा पर केंद्रित कर सकें। उपायुक्त डॉ. भारती ने सभी सीईटी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपनी परीक्षा यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए तुरंत सीईटी ट्रैवल' ऐप डाउनलोड करें और अपनी यात्रा स्लॉट अग्रिम रूप से बुक करें। यह ऐप गूगल स्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसे **cet2025.onboard.in** वेबसाइट के माध्यम से भी एक्सेस किया जा सकता है।

परीक्षार्थियों को ठहरने से लेकर गंतव्य तक पहुंचने के लिए सुचारू और व्यवस्थित योजना बनाई गई है। डीसी ने बताया कि जो परीक्षार्थी पहले दिन परीक्षा देने के लिए जाना चाहता है, वह सीईटी का एडमिट कार्ड दिखाकर 25 जुलाई से ही फ्री बस सेवा का लाभ उठा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस की व्यवस्था रहेगी।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार के अलावा सभी एसडीएम तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## शराब ठेका हटाने के लिए दिए जा रहे धरने पर पहुंचे डीईटीसी

- शराब ठेका स्थापित करने के विरोध में धरने का 18वें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली


मंडी अटेली। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करते डीईटीसी अनिल शर्मा।

कस्बे के धन्नौंदा रोड पर रिहायशी क्षेत्र में शराब ठेका स्थापित करने के विरोध में धरने ने मंगलवार को 18वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरना स्थल पर डीईडीसी अनिल शर्मा अपने अंग रक्षकों के साथ पहुंच कर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। प्रदर्शनकारियों ने डीईटीसी अनिल शर्मा से हाथ जोड़कर कहा कि यहां से ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। डीईटीसी को निवेदन के साथ महिलाओं के गुस्से का सामना भी करना पड़ा। महिलाओं ने कहा कि अब तो हम शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर जल्द ठेका यहां से नहीं उठा तो मजबूरीवश आमरण अनशन पर जाना पड़ेगा। बता दें कि डीईटीसी आने की खबर सुनकर धरना स्थल पर बड़ी संख्या में कस्बे के लोग एकत्रित हो गए थे। मौके पर मौजूद नपा चेयरमैन संजय गोयल, रिटायर्ड गिरदावर बेद, पार्षद प्रतिनिधि बिरेंद्र, पार्षद स्नेहलता आदि ने यहां से ठेका हटाने की गुहार लगाई। चेयरमैन संजय गोयल ने बताया कि मंत्री आरती सिंह को ज्ञापन के बाद उनके निर्देश पर डीईटीसी स्वयं मौके पर पहुंचे हैं, हमें यकीन है कि आबकारी विभाग जनभावना का आदर कर ठेके को अन्यत्र स्थानांतरण करेगा।

## राठीवास गांव में आज होगा जलाभिषेक

- सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार के सहकारिता एवं जेल मंत्री अरविंद शर्मा 23 जुलाई को सुबह 11:15 बजे गांव राठीवास स्थित भूरास्ता शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित जलाभिषेक कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। युवा भाजपा नेता गौतम शर्मा एडवोकेट तथा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य नवीन शर्मा ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा के छोटे भाई कोआपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू, गोमुख से कांवड़ लेकर आए हैं। इसका जलाभिषेक उनके पैतृक गांव राठीवास स्थित भूरास्ता मंदिर में संपन्न होगा। हरिद्वार से कांवड़ ला रहा है और यह उनके परिवार की 42वीं कांवड़ यात्रा है। जलाभिषेक के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा के अतिरिक्त प्रो. रामबिलास शर्मा, नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, नांगल चौधरी विधायक डॉ. अभय सिंह यादव, सीताराम यादव तथा राव बहादुर सिंह यादव सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेंगें।

## गरीब वृद्ध विधवा महिला का बीपीएल राशन कार्ड कटने से परेशानी

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री से उसका नाम बीपीएल लिस्ट में जुड़वाने तथा मदद की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। अपने खंडहर मकान के सामने खड़ी वृद्ध महिला। फोटो : हरिभूमि

शहर के मोहल्ला मिश्रवाड़ा की एक गरीब विधवा महिला का सरकार ने बीपीएल राशन कार्ड काट दिया है, जबकि महिला के पास रहने के लिए एक ठीक सा मकान तक नहीं है। जो मकान था, वह भी खंडहर होने के कारण बार-बार गिरता रहता है। पीड़ित विधवा ने मुख्यमंत्री से उसका नाम बीपीएल लिस्ट में जुड़वाने तथा मदद की गुहार लगाई है। मिश्रवाड़ा की महिला मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय अवतार सोनी ने बताया कि वह पुस्तक गली की रहने वाली है। उसके पास एक मकान था, जो अब खंडहर हो चुका है और बार-बार गिरता रहता है। अब उसके पास रहने के लिए कोई पक्का या मकान भी नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार ने उसका बीपीएल राशन कार्ड काट दिया है। उसका एक बेटा है, जो 5000 रुपये महीना की नौकरी करता है और उसी के सहारे जीवन यापन कर रही है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड कटने से उसका जीना मुश्किल हो गया है। इस राशन कार्ड से उसे पांच किलो गेहूं, सरसों का तेल एवं चीनी मिलते थे।

## नलापुर की टूटी सड़क एवं कूड़ा गाड़ी नहीं आने से वार्ड पार्षद परेशान

- नगर परिषद अधिकारी पिछले 15 दिन से कूड़ा उठाने वाला टेंपो नहीं भेज रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। नलापुर की तोड़ी गई गली में डाला गया कूड़ा। फोटो : हरिभूमि

शहर के मोहल्ला नलापुर की सड़क का पिछले चार महीने से ठेकेदार ने निर्माण के लिए तोड़ रखी है और अब उसका निर्माण नहीं कर रहा। इस गली में नगर परिषद की कूड़ा गाड़ी भी नहीं आती है। वार्ड नंबर 21 के नगर पार्षद संदीप जैन (बंटी) ने कहा कि दरोगा के बार-बार कहने पर भी नगर परिषद अधिकारी पिछले 15 दिन से कूड़ा उठाने वाला टेंपो नहीं भेज रहे, जिसके कारण लोग दुखी होकर सड़क पर इधर-उधर ही कूड़ा डालने लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला नगर परिषद चेयरपर्सन महोदया के संज्ञान में कई बार ला चुके हैं, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। शायद या तो अधिकारी उनकी मानते और सुनते नहीं या अधिकारियों पर उनकी पकड़ नहीं रही। यही कारण है कि न केवल उनके वार्ड का अपितु, पूरे शहर का बुरा हाल है। पार्षद संदीप जैन ने चेयरपर्सन महोदया एवं नगर परिषद के अधिकारियों से नलापुर की इस सड़क का भी तुरंत निर्माण करने के लिए आग्रह किया।

## कुलताजपुर के सरपंच पर लगा दोहरा लाभ लेने का आरोप, डीसी से कार्रवाई की मांग

- सरपंच विक्रम सिंह ने बताया शिकायतकर्ता उससे रखता है चुनावी रंजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कुलताजपुर गांव के सरपंच पर शिकातयकर्ता ने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करते हुए दोहरा लाभ लेने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उपायुक्त नारनौल को दी है तथा सरपंच के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि मौजूदा सरपंच विक्रम सिंह जनस्वास्थ्य विभाग नारनौल में पिछले कई वर्षों से कार्यरत है, जिसकी एचकेआरएन आईडीः 153041 है, जो कि असंवैधानिक है। बावजूद इसके उसने चुनाव आयोग के हल्फनामे में ये महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई और साथ ही साथ हरियाणा वित्त विभाग से धोखाधड़ी के तहत मानदेय प्राप्त करता रहा है। उन्होंने बताया कि जब जनस्वास्थ्य विभाग से इसकी जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया, बल्कि गुमराह करने का प्रयास किया, जिससे इनकी मिलीभगत जाहिर होती है।

उन्होंने बताया कि जब सीएम विंडो से जानकारी मांगी गई तो उसमें मौजूदा सरपंच विक्रम सिंह का जनस्वास्थ्य विभाग में कार्यरत होना पाया गया, जिसकी प्रति उन्होंने शिकायत के साथ संलग्र की है। उन्होंने बताया कि विक्रम सिंह ने पंचायती राज एक्ट 1994 के नियम 175 का साफ-साफ उल्लंघन किया है। इसलिए उसे मौजूदा सरपंच पद से अयोग्य करार दिया जाए और सरकारी वित्त में जो अब तक धोखाधड़ी के तहत अर्जित की है, वह वापस वसूली जाए। दूसरी ओर सरपंच विक्रम सिंह ने बताया शिकायतकर्ता उससे चुनावी रंजिश रखता है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में वह अपनी जाति का प्रभाव दिखाते हैं और दूसरी जाति के लोगों को दबाकर रखने का प्रयास करते हैं। उनसे हमारे झगड़े के पुलिस केस भी चल रहे हैं, जिस कारण शिकायत करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अप्रैल 2021 में पंप आपरेटर पद पर अमरजीत कांट्रेक्टर के मार्फत जनस्वास्थ्य विभाग में गांव कुलताजपुर में नियुक्त किया गया।

## विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी के 15 मामले पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

बिजली निगम की विजिलेंस टीम ने शहर में औचक छापेमारी करके चोरी के 15 मामले पकड़े हैं। लोड के मुताबिक एस्टिमेट बनाकर करीब छह लाख रुपये का जुर्माना वसूली की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्रवाई की भनक लगते ही शहर में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा कनेक्शनों को दुरुस्त करते देखे गए। जानकारी के मुताबिक निगम के अधिकारियों को पावर हाउस से सप्लाई की गई यूनिटों के अनुसार बिल अदायगी नहीं होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद घरेलू कनेक्शनों को चेक करने की योजना बनाई गई। निगम की विजिलेंस टीम बीती देर शाम पांच बजे शहर के वार्ड नंबर सात में पहुंची तथा घरों में बिजली खपत उपकरणों को चेक करना आरंभ किया। कई घरों में निर्धारित लोड से बहुत ज्यादा बिजली उपयोग के प्रमाण मिले। अधिकतर घरों में मीटर को बाईपास करके हैवी पावर के उपकरणों को चलाया जा रहा था। अधिकारियों ने वीडियोग्राफी के साथ चालान काटे हैं। करीब पाचं से छह घरों में कार्रवाई होते ही नजदीकी घरों में लोग सतर्क हो गए तथा सप्लाई कनेक्शनों को दुरुस्त कर लिया। इसके बाद टीम दूसरे मोहल्ले में छापेतारी की तथा अलग अलग घरों में करीब 10 मामले पकड़े हैं। चोरी के प्रमाणों को एकत्रित करके अधिकारियों ने लोड के अनुसार जुर्माना राशि के नोटिस तैयार किए। निगम के कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र कुमार डांगी ने बताया कि बिजली चोरी रोकने तथा बकाया बिलों की रिकवरी को लेकर निगम अलर्ट है। गांवों में नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बीती देर शाम शहर में औचक कार्रवाई करके चोरी के 15 मामले पकड़े हैं।

## नागरिक अस्पताल से डॉक्टर भेजना क्षेत्र के लोगों के साथ नाइंसाफीः राव दान सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


राव दानसिंह, पूर्व संसदीय सचिव।

पूर्व विधायक राव दान सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल से डॉक्टर को कोरियावास मेडिकल कॉलेज भेजने का निर्णय क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल में पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है। ऐसे में यहां से डॉक्टर को भेजना पूरी तरह अनुचित कदम है, जिससे अस्पताल की व्यवस्था और भी चरमरा जाएगी। राव दान सिंह ने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज काफी दूर है और वहां भी स्वास्थ्य सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था नहीं है। सरकार को चाहिए कि को रि या वा स मेडिकल कॉलेज के लिए नए डॉक्टरों की भर्ती कर वहीं नियुक्ति करे, न कि महेंद्रगढ़ अस्पताल को कमजोर करे। उन्होंने मांग की कि महेंद्रगढ़ अस्पताल में कोई भी डॉक्टर न हटाया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए परेशान न होना पड़े। महेंद्रगढ़ में 100 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

### नपा ने करीब तीन साल पहले शहर में लगवाए थे नो पार्किंग व नो वेडिंग जोन के बोर्ड

## नो पार्किंग, नो वेडिंग जोन में खड़े वाहन से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। आंबेडकर चौक के पास नपा द्वारा लगाया गया बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन ने शहर को अतिक्रमण व जाम से मुक्त बनाने को लेकर शहर में करीब आधा दर्जन जगह पर करीब तीन साल पहले नो पार्किंग नो वेडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए थे। इसके लिए प्रशासन ने रेहड़ी व गाड़ी चालकों को वाहन खड़े करने के लिए जगह भी निर्धारित की गई थी, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण अब वाहन बीच बाजार में ही इधर-उधर खड़े हो रहें है। इसके आलाव दुकानों के आगे रेहड़िया भी बिना रोक-टोक के खड़ी हो रहीं है। जिस और नगरपालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बता दे कि नपा प्रशासन ने शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए तीन साल पहले शहर में जगह-जगह नो पार्किंग नो वेडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए थे। जिसके लिए शहर के बाजार में रेहड़ी लगाना व वाहन को इधर-उधर खड़ा करने का जुमार्ना का प्रावधान भी किया गया था। लेकिन नगरपालिका प्रशासन की सुस्ती के चलते यह प्रावधान सिरे ही नहीं चढ़ पाया। वाहन चालक बेरोक-टोक अपने वाहन को इधर-उधर खड़ा कर रहें हैं।

#### आटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर बनाई थी पार्किंग

नगर पालिका द्वारा ऑटो मार्केट पीछे स्थित खाली जमीन पर तीन साल पहले अस्थाई पार्किंग बनाई गई थी। करीब सालभर तक तो इस पार्किंग का लाभ केवल टैक्सी स्टैंड के गाड़ी चालक ने ही उठाया था। लेकिन टैक्सी स्टैंड वाले गाड़ी चालक भी अब पुरानी कोर्ट के बाहर अपना वाहन खड़ा कर रहें हैं। जिससे इस रोड पर सारे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

#### नगर पालिका प्रशासन ने यहां लगवाए थे बोर्ड

नगर पालिका प्रशासन ने शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए शहर के बालाजी चौक, नगर पालिका कार्यालय के पास, आंबेडकर चौक, आईटीआई के सामने सहित अन्य स्थानों पर सूचना बोर्ड लगवाए थे। जिन पर नो पार्किंग जोन, नो वेडिंग जोन को लेकर निर्देश स्पष्ट किए गए है। पालिका के अनुसार शहर के मैन बाजारों में वाहनों के अलावा रेहड़िया भी नहीं खड़ी की जा सकती है। इस दौरान नगर पालिका ने रेहड़िया खड़ी करने के लिए किलारोड से लेकर देवीलाल पार्क की जगह निर्धारित किए गए थे कि जो लोग आदेशों की अवहेलना करेगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते यह योजना सिरे ही नहीं चढ़ पाई। जिससे शहर को जाम मुक्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन की यह योजना खोखली साबित हो गई है।